5 प्रोजेक्ट बदलेंगे मुंबई की सूरत

सफर होगा आसान, ट्रैफिक जाम की समस्या से मिलेगी आजादी

लोकल में नहीं बहाने होंगे पसीने

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** मुंबई में इन दिनों ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए कई प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहे हैं. इनमें 5 प्रोजेक्ट ऐसे हैं, जिनके पूरा होने के बाद मुंबईकरों को ट्रैफिक जाम की समस्या से आजादी मिल जाएगी. वहीं ट्रैफिक का बोझ कम होने से लोगों को लोकल में सफर के दौरान पसीने नहीं बहाने होंगे. खासकर लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए ज्यादा समय बर्बाद नहीं करना होगा. इस वजह से जहां लोगों के समय की बचत होगी, वहीं विकास को भी बल मिलेगा. सरकार के मुख्य प्रोजेक्ट में से एक मुंबई ट्रांस हॉर्बर लिंक (एमटीएचएल) की योजना ट्रैफिक की समस्या से निदान दिलाने में गेम चेंजर साबित होगी. इसका निर्माण शिवड़ी और न्हावा शेवा के बीच हो रहा है. मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा बनाए जा रहे इस प्रोजेक्ट को वर्ष 2024 तक पूरा कर लिए जाने की उम्मीद है. इस पुल के बन जाने से लोग मात्र 90 मिनट में मुंबई से पुणे का सफर तय कर सकेंगे. इस प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने से चर्चगेट से नवी मुंबई की दूरी मात्र 20 मिनट में तय की जा सकेगी. यह पुल मुंबई से गोवा जाने वाले यात्रियों के लिए भी काफी मददगार साबित होगा.

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का प्रोजेक्ट भी मुंबई शहर में एयर ट्रैफिक के बोझ को कम करने में अहम भूमिका निभाएगा. इस एयरपोर्ट के बनने से शहर के आर्थिक विकास के साथ-साथ रियल एस्टेट के कारोबार को बढ़ावा मिलेगा. इस एयरपोर्ट के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 4 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि निर्माणाधीन नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा साल 2024 में चालू हो जाएगा. उन्होंने कहा कि इस एयरपोर्ट के पूरा होने से राज्य के उद्योग-व्यापार क्षेत्र को बूस्ट मिलेगा.

मेट्रो से आसान होगा सफर

मुंबई के लोगों के सफर को आसान बनाने के लिए विभिन्न मेट्रो प्रोजेक्ट को पूरा करने का काम तेजी से चल रहा है. मुंबई शहर की पहली पूरी तरह से अंडरग्राउंड मुंबई मेट्रो-3 लाइन पर ट्रायल रन को हरी झंडी मिल गई है. मेट्रो-3 का पहला चरण साल 2023 के अंत तक पूरा होने की संभावना है. मेट्रो लाइन 3 दक्षिण मुंबई को पश्चिमी उपनगरों से जोड़ेगी. अधिकारियों के मुताबिक मेट्रो 3 के अगले चरण के जून 2024 तक चालू होने की उम्मीद है.

गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड से लोगों को राहत

मुंबई में ट्रैफिक समस्या से निपटने में कोस्टल रोड और गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड भी काफी मददगार साबित होगी. इस लिंक रोड के बन जाने से पूर्वी उपनगर और पश्चिम उपनगर के बीच सफर में समय कम हो जाएगा. इस लिंक रोड के बन जाने से पश्चिम और पूर्वी उपनगर के बीच की 1 घंटे की दूरी मात्र 20 मिनट में पूरी हो सकेगी. इस लिंक रोड को ऐरोली रोड से नवी मुंबई में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट और कल्याण-डोंबिवली से जोड़ा जाएगा.

ट्रैफिक समस्या के कष्ट होंगे दूर

मुंबई कोस्टल रोड परियोजना के माध्यम से मुंबई के मरीन ड्राइव को उत्तर मुंबई के कांदिवली से समुद्र मार्ग से जोड़ा जाएगा. मरीन ड्राइव से कांदिवली की दूरी करीब 22 किमी है. पहले फेज के तहत मुंबई के मरीन ड्राइव से वर्ली सी लिंक के 10.58 किमी के प्रोजेक्ट के बाद दूसरे फेज में वर्ली सी लिंक से कांदिवली तक 12.04 किमी के रोड का निर्माण किया जाएगा. इस प्रोजेक्ट के नवंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.